CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:17 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 17 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 1 जुलाई 2026

नेहा जमकर पैपराजी पर भड़कीं...पेज-3 पर

## मौसम: अगले चार दिन झमाझम बरसेंगे मेघ, भारी बारिश का अलर्ट

देहरादून

हमारे संवाददाता

मानसून की उत्तरी सीमा प्रदेश के कई हिस्सों से गुजर रही है और अगले दो से तीन दिनों में यह शेष क्षेत्रों में भी पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा।

लंबे इंतजार के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मंगलवार को उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में प्रवेश कर लिया। मौसम विभाग ने आज से अगले चार दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में बेहद भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा प्रदेश के कई हिस्सों से गुजर रही है और अगले दो से तीन दिनों में यह शेष क्षेत्रों में भी पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। वर्तमान मौसम प्रणाली के तहत पंजाब से लेकर उत्तर बंगाल की खाड़ी तक मौसमी द्रोणिका सक्रिय है, जिससे प्रदेश में पर्याप्त नमी पहुंचने की संभावना है। इसके साथ ही दो जुलाई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी असर दिखाएगा, जिससे बारिश और तेज हो आएगी। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि एक जुलाई को देहरादून और बागेश्वर जनपद के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। दो जुलाई को देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और बागेश्वर में भारी से बेहद भारी वर्षा का अनुमान है। तीन और चार जुलाई को भी कई पर्वतीय जिलों में भारी बारिश और गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने का अनुमान है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने चेताया है कि लगातार बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन, चट्टान गिरने और मलबा आने की घटनाएं हो सकती हैं। नदियों और गदेरों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा भी बना रहेगा। कई स्थानों में सड़कें और राजमार्ग बाधित हो सकते हैं, जिससे आवागमन प्रभावित होगा। ऐसे में प्रशासन ने चारधाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं से अनावश्यक यात्रा से बचने और सतर्क रहने की अपील की है। संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है।

भारी बारिश के दौरान नदी-नालों से दूर रहने और जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रवेश न करने की सलाह दी गई है। किसानों को खेतों से अतिरिक्त पानी की निकासी करने और फसल को सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी गई है। वहीं बांध, बैराज और जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।



## News कॉर्नर

### गैस सिलिंडर के दाम घटे, डीजल पर भी बड़ा फैसला

नई दिल्ली। जुलाई महीने की शुरुआत आम लोगों और व्यापार जगत के लिए राहत भरी खबरों के साथ हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलिंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती कर दी है, जिसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 3,113.50 रुपये से घटकर 2,930 रुपये हो गई है। हालांकि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। साथ ही सरकार ने डीजल बिक्री पर लगी सीमा भी हटा दी है, जिससे वाहन चालकों, किसानों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर को राहत मिलेगी। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर कुछ फैसलों का असर जेब पर पड़ सकता है। सरकार ने पेट्रोल निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया है ताकि घरेलू बाजार में पर्याप्त सप्लाई बनी रहे। इसके अलावा कई ऑटो कंपनियों ने 1 जुलाई से नई कारों की कीमतें बढ़ा दी हैं, जिससे वाहन खरीदना महंगा हो सकता है।

### उत्तराखंड में आज से वीबी जी राम जी लागू योजना 125 दिन मिलेगा काम

देहरादून। विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (वीबी जी राम जी) आज से प्रदेश में लागू की जाएगी। इस नई योजना के तहत श्रमिकों को पूरे साल में 125 दिन का काम मिलेगा। इसे मनरेगा योजना के स्थान पर लाया गया है। इसमें श्रमिकों को ग्रामीण आजीविका के कार्यों के साथ-साथ जल संरक्षण और आपदा राहत कार्यों में भी लगाया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने इसके संदर्भ में 11 मई को ही सूचना जारी कर दी थी। उत्तराखंड सरकार ने भी मंगलवार को इसके संदर्भ में गजेट नोटिफिकेशन जारी कर दिया। वीबी जी राम जी योजना में श्रमिकों से 318 प्रकार के कामकाज कराए जा सकेंगे।

एमपी के 12 लोग घायल

## ऋषिकेश से इंदौर जा रही बस ट्रक से टकराई धधकी, आठ मरे

ऋषिकेश

एजेंसी

राजस्थान के दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर देर रात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ऋषिकेश से इंदौर जा रही एक स्लीपर बस की ट्रक से जोरदार टक्कर हुई। इसके बाद भीषण आग लग गई।

आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 24 लोग घायल हुए हैं। दौसा बस हादसे की जांच कर रहे एएसआई समूदर सिंह ने बताया कि बस में चालक और परिचालक सहित कुल 39 लोग सवार थे। हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. आर.के. मीणा ने बताया कि सभी आठ लोगों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि 13 घायलों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। हादसा इतना भीषण था कि चार शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में डीएनए जांच की भी आवश्यकता पड़ सकती है। दौसा हादसे को लेकर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दौसा के पास बस व ट्रेलर की टक्कर में कई लोगों की मृत्यु एवं घायल होने की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। मृतकों के परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना है।

हादसा-1



### दावा- सिगरेट के पैकेट रखे थे

स्थानीय लोगों का दावा है कि बस के स्टोरेज बॉक्स में सिगरेट के पैकेट रखे थे, जिससे आग तेजी से भड़क गई। हालांकि पुलिस ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है। एसपी ने बताया कि अब तक केवल नौ घायलों की पहचान हो सकी है। अन्य यात्रियों की पहचान और उनके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## तेज रफ्तार बस ने कार को रौंदा, एक महिला, दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत

उन्नाव

एजेंसी

उन्नाव जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर देवखरी गांव के पास बुधवार सुबह करीब पांच बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें स्लीपर बस की टक्कर से संतकबीरनगर के रजिस्ट्रेशन नंबर की कार में सवार एक महिला, दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

वहीं, डिवाइडर की ग्रिल तोड़ने हुए दूसरी लेन में पलटी बस में सवार 17 यात्री घायल हो गए। बस में कुल 85 यात्री सवार थे। पुलिस व यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने घायलों को अस्पताल भेजा और मृतकों की पहचान कराने के प्रयास कर रही है। कार में आठ लोग सवार थे। अलीगढ़ जिले के खैरा क्षेत्र निवासी स्लीपर बस चालक मोहित 85 यात्रियों को लेकर हरियाणा से बिहार जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे बस देवखरी गांव के पास चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। इस दौरान आगरा की ओर जा रही आर्टिगा कार को सामने से टक्कर मारने के बाद बस खंती में पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार करीब 17 यात्री घायल हो गए। यात्रियों ने चालक के नशे में होने का भी आरोप लगाया है। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि बस चालक को झपकी आने से हादसा होने का अनुमान है, अन्य कारणों की भी जांच हो रही है। साथ ही मृतकों की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हादसा-2



## रानीखेत एक्सप्रेस में जवान की मौत, हत्या की आशंका पर जीआरपी में मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रानीखेत एक्सप्रेस के जनरल कोच में बीएसएफ जवान के संदिग्ध हालत में मिलने और बाद में उपचार के दौरान मौत हो जाने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने जवान की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। मामले में जीआरपी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान सत्यपाल सिंह, निवासी रुड़की, के रूप में हुई है, जो बीएसएफ की 20वीं बटालियन में तैनात था और वर्तमान में जेसलमेर में ड्यूटी कर रहे था। वह 28 जून को छुट्टी लेकर रानीखेत एक्सप्रेस के जनरल कोच से घर लौट रहे था। मृतक के पुत्र अंकित कुमार के अनुसार, उनके पिता ने यात्रा के दौरान फोन कर बताया था कि वह जोधपुर पहुंच चुके हैं और दिल्ली पहुंचने के बाद दोबारा संपर्क करेंगे। परिजनों के मुताबिक 29 जून की सुबह जब उन्होंने कई बार फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसी बीच उनके वार्ड पार्षद ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन से भेजी गई फोटो दिखाकर सूचना दी कि सत्यपाल सिंह रानीखेत एक्सप्रेस के जनरल कोच में बेहोशी की हालत में मिले हैं। उन्हें तत्काल इलाज के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही परिजन रुड़की से हल्द्वानी पहुंचे, लेकिन देर शाम डॉक्टरों ने सत्यपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुत्र अंकित कुमार का कहना है कि उनके पिता को जेसलमेर से दिल्ली तक पहुंचना था, लेकिन उनका काठगोदाम पहुंचना और गंभीर हालत में मिलना कई सवाल खड़े करता है।

## राम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी



अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर के ट्रस्ट श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें लखनऊ मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

महंत नृत्य गोपाल की तबीयत इसके पहले जनवरी के महीने में भी बिगड़ गई थी तब लखनऊ के मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चला था। हालांकि, वो ठीक हो गए थे। अस्पताल में उनके भर्ती होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनसे मिलने गए थे और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। वह 88 वर्ष के हैं और उनका इलाज चल रहा है।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिवस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिवस बुधवार को हल्द्वानी स्थित आजाद नगर में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और उत्साहपूर्वक जन्मदिन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के पौत्र द्वारा अखिलेश यादव के नाम का केक काटकर की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव जैसे नेता सदियों में एकाध ही जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। यहां मुख्य रूप से जावेद सिद्दीकी, दीपक अग्रवाल, उमैर मतीन, पार्षद महबूब आलम, अरशद अय्यूब, समीर मिकरानी, अलीम अंसारी, राजेश जायसवाल, जावेद मिकरानी, शकील अंसारी, संजय गुप्ता, पप्पू फूल वाले, अशरफ खान, कलीम उर्फ टोनी, शाहिद खान, जीशान अंसारी, मन्नु कुरैशी, रईस अहमद, इकरार हुसैन, अथर खान और नाजिम खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भीमताल बीडीसी की बैठक में लगा समस्याओं का अंबार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल क्षेत्र पंचायत (बीडीसी) की बैठक मंगलवार को बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में विकासखंड सभागार में हुई। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी से जुड़े कई मुद्दे उठाए।

बैठक के दौरान प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मुखय रूप से क्षतिग्रस्त सड़कों के मरममत, नए सड़क निर्माण और पानी की किल्लत की समस्याओं पर अधिकारियों का ध्यान केंद्रित किया। ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में खस्ताहाल सड़कों की स्थिति में सुधार और नए सड़क निर्माण की मांग पुरजोर तरीके से उठाई।




बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की बदहाल शिक्षा व्यवस्था का मुद्दा प्राथमिकता से उठा। बीडीसी सदस्य मोहित कुमार ने धुलई स्कूल जीर्ण शीर्ण की समस्या को रखा वहीं ग्राम प्रधान नाई शिला ने स्कूल में सुविधा का अभाव फ ायर के उपकरण नहीं होने की समस्या को रखा है साथ ही शिक्षकों की कमी से जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। मामले में प्रमुख डा.बिष्ट ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जल्द सकारात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में जंगलिया गांव के ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने ढीले तारों को ठीक करने पोल शिफ्ट करने की मांग रखी, इसके साथ ही बलिया नाला से अतिक्रमण प्रभावित से गांव को खतरा व्यक्त किया गया है अतिक्रमण हो रहा जिससे भविष्य में खतरा है। मामले में सीडीओ ने तहसीलदार को जांच कर अतिक्रमण तोडने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान जितेंद्र चनौतिया ने ताल किनारे शौचालय खुलवाने की माग की।

इस दौरान प्रमुख डॉ. बिष्ट ने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई, सदन को स्पष्ट करने को कहा और सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई जनहित की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए ताकि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े।विधायक नैनीताल सरिता आर्य ने कहा सदन में आई समस्याओं का विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से निराकरण करे।सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे ने कहा कि सभी जनप्रतिधि विभागीय अधिकारियों से तालमेल बनाकर कार्य करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों व विभिन्न महकमों के अफसर मौजूद रहे।



# नैनीताल में झमाझम बारिश से गिरा पेड़, यातायात बाधित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सोमवार रात 10 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार सुबह और तेज हो गया। दिनभर रुक.रुक कर झमाझम बारिश होती रही जिससे शहर में ठंड बढ़ गई।

दूसरी ओर तेज बारिश और हवा के चलते मेट्रोपोल होटल के समीप एक विशाल पेड़ टूटकर मुखय सड़क पर गिर गया। इससे करीब पौने घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। पेड़ की चपेट में आने से बिजली की लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं जिसके कारण आसपास के इलाकों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल रहने से सरकारी दफ्तरों और दुकानों का कामकाज प्रभावित हुआ।



# रोटरी हरिद्वार ने रचा इतिहास, मंडल सम्मान समारोह में जीते 32 पुरस्कार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रुड़की के एक होटल में रोटरी मंडल 3080 का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि रोटरी मंडल 3080 के अंतर्गत 6 राज्यों में फैले 134 रोटरी क्लब कार्यरत हैं। वर्तमान मंडलाध्यक्ष रो. रवि प्रकाश हैं।



रोटरी का कार्यकाल प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से 30 जून तक होता है तथा 1 जुलाई से नई कार्यकारिणी अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ करती है।समारोह में रोटरी हरद्वार ने एक बार फि र अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए कुल 32 पुरस्कार एवं सममान प्राप्त कर पूरे मंडल में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। प्रमुख सम्मानों में बेस्ट कलब ऑफ डिस्ट्रिट मंडल, बेस्ट रोटेरियन ऑफ डिस्ट्रिट मंडल, बेस्ट कलब ऑफ जोन, बेस्ट प्रेसिडेंट ऑफ जोन, स्टार सेक्रेटरी ऑफ जोन तथा बेस्ट रोटेरियन ऑफ जोन तथा बेस्ट कॉपिलोट, आउटस्टैंडिंग कॉपिलोट जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त कलब के 7 सदस्यों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए एकटिव रोटेरियन ऑफ जोन सममान प्रदान किया गया, जबकि 4 सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आउटस्टैंडिंग रोटेरियन सममान से नवाजा गया। विभिन्न सेवा परियोजनाओं, योगदान एवं डोनेशन के आधार पर भी कलब तथा सदस्यों को अनेक अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए। इस अवसर पर रोटरी हरद्वार के अध्यक्ष डॉ. आलोक सारस्वत, निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नीलमधब साहू, पूर्व अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, बी. एम. गुप्ता, मनोरंजन सुबुद्धि, पंकज पांडे तथा गौरव गुप्ता सहित अन्य सदस्य पुरस्कार ग्रहण करने के लिए उपस्थित रहे।अध्यक्ष डॉ. आलोक सारस्वत ने सभी सममानित सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह कामयाबी पूरे रोटरी हरद्वार परिवार के सामूहिक समर्पणए सेवा भावना और टीमवर्क का परिणाम है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# जिले में नो हेलमेट-नो पेट्रोल नियम लागू एंट्री प्वाइंट पर लगे प्रतिबंध संबंधी बोर्ड

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जनपद नैनीताल में सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सखत कदम उठाते हुए नो हेलमेट–नो पेट्रोल नियम का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) अरविंद पांडे द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को इस संबंध में पत्र जारी किया गया जिसके बाद अब जिले के पेट्रोल पंपों पर इस नियम का पालन भी शुरू हो गया है। प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट–नो पेट्रोल के जागरूकता बोर्ड लगाए गए हैं और बिना हेलमेट आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न देने के नियम का अनुपालन कराया जा रहा है। परिवहन विभाग और जिला प्रशासन लगातार इसकी निगरानी भी

**निर्णय**

● सड़क सुरक्षा के हित में यह निर्णय लिया गया

कर रहे हैं। इसके साथ ही नैनीताल जनपद के सभी प्रमुख एंट्री प्वाइंट पर टैकसी एवं बाइक रैंटल के प्रतिबंध संबंधी सूचना बोर्ड भी स्थापित कर दिए गए हैं। इन बोर्डों के माध्यम से पर्यटकों और वाहन चालकों को जिले में लागू नियमों की पहले से जानकारी दी जा रही है ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।आरटीओ अरबिंद पांडे द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि हाल के दिनों में दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में मृत्यु और गंभीर चोटों के मामलों में वृद्धि हुई है जिनमें अधिकांश मामलों में हेलमेट न पहनना प्रमुख कारण पाया गया। इसी को देखते हुए सड़क सुरक्षा के हित में यह निर्णय लिया गया है।

## साह-चौधरी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी शुरु

**नैनीताल** । नैनीताल के प्रतिष्ठित साह-चौधरी समाज द्वारा आयोजित छात्र-छात्राओं की मेहनत, युवाओं का जोश, बुजुर्गों का आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन 12 जुलाई (रविवार) को सायं 3 बजे से गोवर्धन हॉल मल्लीताल में किया जाएगा। बता दें इस गरिमामय समारोह में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं व युवाओं एवं वरिष्ठजनों का सममान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुखय अतिथि अंकित साह (बलाक प्रमुख बेतालघाट) वहीं विशिष्ट अतिथि प्रकाश चौधरी (मुख्य महाप्रबंधक सेवा निवृत नाबार्ड) उपस्थित रहेंगे।साह-चौधरी समाज नैनीताल के अध्यक्ष मनोज साह एवं सचिव शैलेन्द्र चौधरी ने समाज के सभी सदस्यों एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं तथा छात्र.छात्राओं का उत्साहवर्धन करें। मीडिया प्रभारी मोहित लाल साह ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज में शिक्षा, प्रतिभा सममान, युवा प्रेरणा एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# NEWS / फटाफट

## अंकिता भंडारी हत्याकांडःहाईकोर्ट में सुनवाई 20 को

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मुखय आरोपी पुलकित आर्या व सौरभ भाष्कर को निचली अदालत से आजीवन कारावास की सजा दिये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायधीश रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति शिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद उन्हें कोई राहत न देते हुए अगली सुनवाई हेतु 20 जुलाई (सोमवार) की तिथि नियत की है।

## हाईकोर्ट से भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष पांडे को राहत नहीं

**नैनीताल**। हाईकोर्ट ने एक युवती का यौन शोषण करने व उसे धमकी देने के आरोपी भवाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे की अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें फि लहाल कोई अंतरिम राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 9 जुलाई (बीरवार) की नियत की है । कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो शपथ पत्र राज्य सरकार की तरफ से पेश किया है, उसका जवाब एक सप्ताह में पेश करें। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक महरा की एकलपीठ में हुई ।

## धरा को हरा भरा रखने हेतु गुरुरानी ने कराया पौधरोपण

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 715वें दिन भी जारी रहा। पौधा रोपण अभियान के 715वें दिन पौधारोपण को सेवानिवृत के तहत विदाई समारोह से जोड़ते हुए धारचूला में गैस सर्विस के प्रबंधक विजय सिंह चैसर के विदाई समारोह में गैस सर्विस परिसर में पौधारोपण किया गया। विजय सिंह चैसर ने कहा कि वह अपनी सेवा निवृति पर पौधारोपण अभियान से जुड़ रहे हैं और पौधा लगा रहे हैं और यह कार्य वह करते रहेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस की जिलाध्यक्ष नंदा बिष्ट, व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र थापा, दीपक सिंह बिष्ट, दीपक बिष्ट, योगेश धामी, प्रबंधक मुकेश जलाल, देवेंद्र बिष्ट, नंदन सिंह, प्रबंधक पर्यटक आवासगृह धन सिंह, रमेश सिंह, दीपक बम,नरेंद्र सिंह व मोनू कुमार सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## श्री स्वामी आराध्या सरस्वती का भाजपाईयों ने किया स्वागत



**नैनीताल** । परम पूज्य महंत श्री स्वामी आराध्या सरस्वती जी महाराज जगदाचार्य पीठाधीश्वर श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के नैनीताल आगमन पर नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने उनका आत्मीय स्वागत एवं सममान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा नैनीताल मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक भारत सिंह मेहरा समेत ज्योति ढौंडियाल, मीरा बिष्ट, करन साह, विनय कुमार, अरुण कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में धर्मप्राण नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान स्वामी जी ने माँ नैना देवी मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं राष्ट्र की सुख.समृद्धि की कामना की। इस दौरान नैनीताल को एक महत्वपूर्ण शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित करने तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर विस्तृत चर्चा हुई।

## आगामी चुनाव में संगठन की शक्ति बनेंगे भाजपा के प्रकोष्ठः कौस्तुभानंद

**नैनीताल** । सशक्त संगठन, प्रभावी संवाद और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच इसी लक्ष्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को गति दे दी है। पार्टी के प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुभानंद जोशी के अनुसार इस बार विधानसभा चुनाव में विभिन्न प्रकोष्ठों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोडना है। जोशी ने बताया कि इस बार विभिन्न प्रकोष्ठों के माध्यम से लगभग 10 हजार नए लोगों को पार्टी से जोडने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह केवल सदस्यता अभियान नहीं बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को संगठन के साथ जोड़कर उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बनाने का व्यापक अभियान है।

## कूटा ने प्रो.पांडे के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के सांखियकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एम. के. पांडे के निधन पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। कूटा के मुताबिक प्रो. एम के पांडे ने डीएसबी परिसर नैनीताल में अपनी सेवाएं दी जबकि उनका हल्द्वानी में निधन हुआ। उनके निधन पर कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने गहरा दु:ख जताया है।

## मां नयना देवी मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोज न



**नैनीताल** । नैनीताल के प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर परिसर में हनुमान भक्त संगठन और जय श्रीराम सेवादल के संयुक्त सहयोग से भव्य हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बता दें इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को पारंपरिक बूंदी और चने का प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन का गहरा आध्यात्मिक प्रभाव पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। मुखय मंदिर के साथ.साथ नैनीताल के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे हनुमानगढ़ मंदिर, सात नंबर मंदिर तथा सूखाताल झील मंदिर और स्नोव्यू पॉइंट मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ सामूहिक पाठ में भाग लिया। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी सनातनियों से एक विशेष अपील की। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक जड़ों से जुड़े रहने के लिए अपने.अपने स्थानीय क्षेत्रों के मंदिरों में सप्ताह में कम से कम किसी भी एक दिन इस तरह के सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन अवश्य सुनिश्चित करें।

# अभिमत

## सम्पूर्ण तंत्र पर प्रश्नचिह्न

*मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी से पूरे तंत्र पर प्रश्नचिह्न लग गया है। यह अत्यंत दुखद, चिंताजनक एवं गंभीर विषय है। यह सिर्फ आर्थिक अनियमितता और अपराध का मामला नहीं है, बल्कि जनविश्वास और आस्था को आघात है। देश के अन्य प्रसिद्ध मंदिरों की तरह दान-राशि की सुरक्षा, डिजिटल लेखांकन, सीसीटीवी निगरानी और नियमित आडिट की व्यवस्था होनी चाहिए थी। शुरुआत में ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों ने हेराफेरी को झुठलाने का प्रयास किया, परन्तु दान की गिनती करने वालों द्वारा सम्पत्ति खरीदने का खुलासा होने पर जांच को मजबूर होना पड़ा।*

सरकारी विभागों के कार्यों में घोटाले, हेराफेरी, रिश्वत आदि मामले आये दिन उजागर होते रहते हैं। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी से पूरे तंत्र पर प्रश्नचिह्न लग गया है। यह अत्यंत दुखद, चिंताजनक एवं गंभीर विषय है। यह सिर्फ आर्थिक अनियमितता और अपराध का मामला नहीं है, बल्कि जनविश्वास और आस्था को आघात है। देश के अन्य प्रसिद्ध मंदिरों की तरह दान-राशि की सुरक्षा, डिजिटल लेखांकन, सीसीटीवी निगरानी और नियमित आडिट की व्यवस्था होनी चाहिए थी। शुरुआत में ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों ने हेराफेरी को झुठलाने का प्रयास किया, परन्तु दान की गिनती करने वालों द्वारा सम्पत्ति खरीदने का खुलासा होने पर जांच को मजबूर होना पड़ा। जांच कुछ लोगों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, जो लोग हेराफेरी से इन्कार कर रहे थे, उन्हें भी जांच के दायरे में लेना चाहिए। पूरी व्यवस्था नये सिरे से सुदृढ़ करने की जरूरत है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य के अनुरूप दान करते हैं। उनका विश्वास है कि दान की राशि का धार्मिक, सामाजिक और जन-कल्याण के कार्यों में सदुपयोग होगा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को लेकर राजनीति होती रही है। न्यायालय के निर्णय के बाद राम मंदिर का निर्माण करके राजनीति पर अंकुश लगा। अब दान-राशि में हेराफेरी पर नेताओं को रोटी नहीं सेंकनी चाहिए। एक सच्चाई यह है कि अयोध्या के राम मंदिर के अतिरिक्त अन्य धार्मिक स्थलों में अपार धन, सोना-चांदी है, इसका उपयोग मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। धन-सम्पदा को संग्रह करके नहीं रखना चाहिए। शास्त्रों में वर्णित है कि धन चलायमान है। आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों में दान को पुण्य समझने की प्रवृत्ति देश, समाज और जनहित में प्रशंसनीय है। दान-राशि और चढ़ावे से धार्मिक स्थलों के भंडार भरना पुण्य का कार्य नहीं है। वैश्विक महामारी के दौरान भी अर्थशास्त्रियों ने धार्मिक स्थलों में संग्रहित धन से जरूरतमंदों के लिए भोजन तथा दवा की व्यवस्था करने का सुझाव दिया था। इसी साल सर्वे से पता चला कि अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या ने कीर्तिमान स्थापित किया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति आस्था व श्रद्धा के साथ यह धार्मिक पर्यटन के तौर पर राजस्व के लिए सुखद रहा। अब दान-राशि और चढ़ावे के आभूषणों में हेराफेरी से करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। राम मंदिर ट्रस्ट, पुजारियों, लेखाजोखा करने वालों, सुरक्षा से जुड़े लोगों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# विधायक शिव ने सहकारिता समृद्धि रथ एटीएम वेन को झंडी दिखा रवाना किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे होने पर विधायक शिव अरोरा ने जिला कोऑपरेटिव बैंक रुद्रपुर में सहकारिता समृद्धि रथ और एटीएम वाहन को हरि झड़ी दिखाकर रवाना किया। एटीएम वाहन ग्रामीण दूर दराज क्षेत्रों मे जनता को धनराशि निकालने की सुविधा देगा। इस पर



विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आजादी के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मध्यम, निम्न वर्ग एवं ग्रामीण क्षेत्र के पिछड़े हुए इलाकों को सहकारिता से जोड़ने के उद्देश्य से पहली बार मोदी 2.0 कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की तो वहीं सहकारिता मंत्रालय के अस्तित्व में आने के बाद सहकारिता विभाग द्वारा किसान गरीब छोटे उद्योगों को सहकारिता विभाग व सहकारी बैंकों से जोड़ने का कार्य किया। जिसके माध्यम से लोगों को सरलतापूर्वक लोन उपलब्ध होने लगा। जिससे बड़ी संख्या मे लोग आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से प्रेरित होकर स्वयं का रोजगार करने लगे ओर वहीं सहकारिता मंत्रालय के अस्तित्व में आने के बाद निम्न वर्ग के लोगों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन आए। सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला कोऑपरेटिव बैंक रुद्रपुर में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोड़ा ने सहकारिता समृद्धि रथ वह एटीएम वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में 30 जून सहकारी पौधगोज,पैक्स सशक्तिकरण दिवस और जागरूकता शिविर, 1 जुलाई को केसीसी,युहत लेखन वितरण कार्यक्रम, 2 जुलाई विश्वविद्यालय, विद्यालयों में सहकारिता जागरूकता कार्यशाला, 3 जुलाई को सामान्य निकाय बैठक,4 जुलाई को एक पेड माँ के नाम वृहत वृक्षारोपण हरेला कार्यक्रम, 5 जुलाई सोशल मीडिया आउटरीच दिवस,6 जुलाई राज्य स्तरीय सहकार से समृद्धि सहकार मंथन कार्यक्रम देहरादून सहकारी सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान बैंक प्रशासक एमपी तिवारी, बैंक प्रबंधक संदीप कुमार भाटिया, जिला सहायक निबंधक हरीश चंद्र खंडूरी, सचिन मुंजाल, यूनियन अध्यक्ष हरि सिंह, उपाध्यक्ष जीपी चमोली, हर्ष तिवारी उपर जिला सहकारी अधिकारी बलराज सिंह, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रेशम सिंह, सुषमा आदि मौजूद रहे।

## विवाद के चलते अलग रह रही पत्नी से बेटा छीनकर भागा पति

**रुद्रपुर।** शहर के आवास विकास में रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर मारपीट कर तीन वर्षीय बेटा को छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है, महिला ने इस मामले में कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर सौंपकर कर कार्रवाई कर बेटा वापिस दिलाने की गुहार लगाई है। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र महालक्ष्मी इनक्लेव जनपद रोड़ फेज 1, फुलसुंगा रूद्रपुर निवासी ने पुलिस सौंपी तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उसका पति मारपीट करता है। जिससे परेशान होकर उसने फरवरी वर्ष 2026 में अपने पति के विरूद्ध थाना में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके बाद वह फरवरी वर्ष 2026 से अपने पति से अलग अपने 3 वर्षीय बच्चे रियांश के साथ अपने मायका निकट शिवमंदिर, अवास विकास, रूद्रपुर में रह रही थी।

पीड़िता का आरोप है कि दोनों के बीच आपसी वाद विवाद चल रहा है। जिसको लेकर आपसी सहमति से हम दोंनो पति पत्नी के बीच में तलाक की बातचीत चल रही थी। 29 जून 2026 को लगभग दोपर 12 बजे पति ने उसे फोन करके दक्ष चौराह फुलसुंगा पर बच्चे के एडमीशन के लिये बुलाया और उसे अपने साथ कार में बैठाकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट की।

## तल्लीताल क्षेत्र के होटल स्टाफ ने पर्यटकों से की मारपीट

**नैनीताल ।** नैनीताल शहर के तल्लीताल क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहरे दिल्ली के पर्यटकों के साथ होटल कर्मचारी द्वारा कथित रूप से मारपीट और महिलाओं के साथ अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पर्यटकों में दहशत और आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी होटल कर्मचारी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली निवासी विकल्प शर्मा अपनी पत्नी तथा अपने भाई व भाभी के साथ घूमने के लिए नैनीताल आए थे और तल्लीताल जू रोड स्थित नक्षत्र होटल में ठहरे हुए थे। पर्यटकों का आरोप है कि देर रात वे अपने कमरे में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान होटल का एक कर्मचारी नशे की हालत में उनके कमरे के पास पहुंचा और अभद्र व्यवहार करने लगा।आरोप है कि विरोध करने पर होटल कर्मचारी ने विकल्प शर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच.बचाव करने पहुंचीं उनकी पत्नी के साथ भी आरोपी ने धक्का.मुक्की और अभद्रता की।

## हाईवे पर ताबड़तोड़ फायरिंग, महिला के कंधे में लगी गोली, हायर सेंटर रेफर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद के थाना पुलभट्टा क्षेत्र हाईवे पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत फैल गई। फायरिंग में एक महिला कंधे पर गोली लगने से घायल हो गई। महिला को नजदीक अस्पताल ले जाया गया। वहां से महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल महिला पति के साथ बाईक से जा रही। हमलावरों ने फायरिंग चालक पर की थी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की और फायरिंग के आरोपियों की तलाश में दबिश दी। लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक ग्राम पटेरी हाल निवासी ग्राम दोपहरिया थाना पुलभट्टा निवासी जगजीत सिह पुत्र भुपेन्द्र सिह ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि मंगलवार रात वह अशोका लिलेण्ड की चैसिस गाडी लेकर ग्राम दोपहरिया से खालापुर पनवेल मुम्बई को निकला था। जब वह गांव के बाहर पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ी ब्रेजा कार व एक बिना नम्बर की स्वीफ्ट कार के पास पहुंचा तो जितेन्द्र चौधरी उर्फ विरत चौधरी पुत्र रामचन्द्र चौधरी, हरमन पुत्र बलदेव सिह, विक्रमजीत पुत्र सज्जन सिह, निरंजन सिह उर्फ निरु निवासी ग्राम डिबडिबा थाना विलासपुर जनपद रामपुर उप्र,सर्वजीत बजवा उर्फ साबा निवासी मुल्लाखेडा थाना भोट जनपद रामपुर उप्र कार से बाहर निकले। आरोप लगाया है कि उस पर जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वह उनसे बचते हुए गाड़ी लेकर तेजी से भाग गया। उन्होंने उसका पीछा कर सिरौलीकला चौराहे पर गाड़ी की रफ्तार कम होने पर चलती गाड़ी से फिर से फायरिंग कर दी। वह खालसा ढाबे के आगे गौला पुल पर पहुंचा तो उनके द्वारा किए गए फायर से गोली उसके बगल से निकल सड़क पर बाईक से महिल अपने पति व बच्चों के साथ जा रही साहिस्ता बी पत्नी ईशरार निवासी बछिया मुडिया पीलीभीत के कंधे पर लगी। उसने भी किसी तरह पुलभट्टा थाने पहुंच अपनी जान बचाई। घायल महिला भी पति के साथ थाने पहुंची उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जगजीत सिह ने बताया पूर्व में भी उस पर हमला किया गया था। जिसकी प्राथमिकी बिलासपुर में पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है और आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है। हालांकि अभी तक पुलिस को सफलता नहीं मिली है। इधर हाइवे पर ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

## बनभूलपुरा की बदहाल सड़कें बनीं मुसीबत, गड्ढों से राहगीर परेशान

**हल्द्वानी।** शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र की अधिकांश सड़कों की हालत इन दिनों बेहद खराब बनी हुई है। जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढों ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। जर्जर सड़कों के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है, जिससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

टूटी-फूटी सड़कों का सबसे ज्यादा खामियाजा दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वालों को भुगतना पड़ रहा है। खराब सड़कें न केवल सफर को असुविधाजनक बना रही हैं, बल्कि हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ा रही हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्षदों से लेकर विधायक, सांसद और उत्तराखंड सरकार, मेयर तक इस क्षेत्र के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।

# फिल्मी दुनिया

## नेहा जमकर पैपराजी पर भड़कीं, बैक शॉट को लेकर जताई नाराजगी



*नेहा धूपिया बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। एक वायरल वीडियो में वह पैपराजी पर बुरी तरह से भड़क गईं। उन्होंने पैपराजी को वाहियात तरीके से एक्ट्रेसेस के बैक शॉट लेने पर डांटा।*

*एक इवेंट में शामिल हुईं नेहा धूपिया ने सख्ती से यह बात पैपराजी के सामने कही। नेहा इस बात से बहुत नाराज हैं कि कई पैपराजी एक्ट्रेसेस के बैक शॉट लेते हैं, जो बहुत ही खराब ढंग से लिए जाते हैं। जानिए, नेहा धूपिया ने किस तरह से पैपराजी को खरी-खोटी सुनाई। वायरल वीडियो में नेहा कहती हैं, 'मेरा बैक शॉट नहीं लेना है। किसी का भी बैक शॉट नहीं लेना है। बोल बोल कर थक गए हैं। बैग उठाकर, किताब उठाकर, पीछे चलकर देख लिया। यह सब नहीं चलेगा अब। बंद करो यह सब। हमलोग बहुत इज्जत से बात करते हैं, आप लोगों से। आप लोग यह सब मत करो। यह नई बात नहीं है कि पैपराजी के बैक शॉट लेने की आदत से एक्ट्रेसेस परेशान हैं। पहले भी गौहर खान, भारती सिंह इस मामले पर खुलकर बात कर चुकी हैं। गौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके पैपराजी को लताड़ा था। गौहर ने कहा था, 'क्या पैप्स छेड़छाड़ के कल्चर को बढ़ावा नहीं दे रहे हैं? ऐसे बहुत से लोग हैं जो लगातार अभद्र टिप्पणियां करते रहते हैं। आप लोग अपनी लिमिट पार नहीं कर सकते हैं।*

### ये सेलेब्स भी

*वहीं कॉमेडियन भारती सिंह ने भी अपने शो 'लाफ्टर शेफ 2' में पैपराजी की क्लास ली थी। भारती सिंह ने फनी स्टाइल में पैपराजी से पूछा- 'आप लोग जब किसी एक्ट्रेस को टाइट ड्रेस में देखते हो तो उनकी बैक साइड की वीडियो, फोटो जूम करके क्यों लेते हो? और लिखते हो- Guess Who ?'*

## जनहित संस्था ने पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित जनहित संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट तथा अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के दिशा निर्देशों व मार्गदर्शन के अनुपालन में संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष दिव्या शाह के नेतृत्व में मंगलवार को संस्था का शिष्टमंडल पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल से मिला। इस दौरान संस्था की कार्यकारी संस्था अध्यक्ष दिव्या शाह द्वारा नैनीताल नगर में पूर्व से स्थापित शौचालय की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए इन शौचायलयों का औचक निरीक्षण करने व गंदगी युक्त व दुर्गंध युक्त शौचालय उनकी सफ ई करवाने का अनुरोध किया गया इसके अलावा बी.एम. साह पार्क के सामने पूर्व निर्मित शौचालय को मुखय मार्ग के समीप निर्मित करने का अनुरोध किया गया ताकि बी एम साह पार्क के सामने बने शौचालय की ऊंचाई अत्यधिक होने से वरिष्ठ नागरिकों को काफी कठिनाई होती है।

इसी दौरान संस्था के उपाध्यक्ष श्री अशोक साह द्वारा संस्था की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों से पालिकाध्यक्ष को अवगत कराया। संस्था के शिष्टमंडल के मुताबिक पालिकाध्यक्ष ने सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल में उपरोक्त के अलावा महेश चंद्र आर्य महासचिव, मनोज सनवाल, सिद्धार्थ सिंह बिष्ट, टी एस खंपा, विजय शाह,सोनू शाह व दीवान आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## नैनीताल में अतिरिक्त विशेष पोक्सो न्यायालय का गठन

नैनीताल। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में नैनीताल मुख्यालय में अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) न्यायालय गठित किया गया है और इसके लिए जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के 16 जून 2026 के पत्र के अनुपालन में नैनीताल मुख्यालय में अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) न्यायालय का गठन किया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने गृह अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन के 13 जून 2024 के कार्यालय ज्ञापन तथा 22 दिसंबर 2023 की अधिसूचना में वर्णित व्यवस्था के अनुसार जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा को विशेष सत्र न्यायालय (पोक्सो) नैनीताल में अभियोजन की ओर से पैरवी करने के लिए अगले आदेशों तक विशेष लोक अभियोजक नियुक्त कर दिया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## शराब के नशे में लहराते हुए स्कूटी दौड़ाना पड़ा महंगा

नैनीताल । नगर के तल्लीताल में एक व्यक्ति को शराब के नशे में टैक्सी स्कूटी लहराना महंगा पड़ गया। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को तल्लीताल पुलिस क्षेत्र में टैक्सी स्कूटी चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। इस दौरान हल्द्वानी की ओर से आती एक स्कूटी लहराते हुए मॉलरोड की ओर को जाने लगी। पुलिस ने स्कूटी चालक को रोका तो चालक नशे में मिला। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि पंतनगर निवासी विजय यादव के खिलाफ करवाई करते हुए ड्रिंक एंड ड्राइव में कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी, साथ ही डीएल निरस्तीकरण को भेजा जा रहा है।

# आईटीसी होटल्स लिमिटेड ने उत्तराखण्ड में खोला लेकव्यू भीमताल

भीमताल/हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आईटीसी होटल्स लिमिटेड ने उत्तराखण्ड की शांत झील और चिनार वृक्षों के बीच स्थित 63 कमरों वाले फॉर्च्यून लेकव्यू भीमताल का उद्घाटन किया। आईटीसी होटल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल चड्ढा ने कहा कि हमारे पोर्टफोलियो में उत्तराखंड की विशेष भूमिका है। फ र्च्यून लेकव्यू भीमताल इस क्षेत्र में हमारा 12वां होटल है। गहन विमर्श के पश्चात किए गए सुसज्जित कमरों और सुइट्स वाले इस होटल में झील और आस.पास की हिमालयी पहाडि ?ों का शानदार दृश्य दिखाई पड़ता है। यह होटल कुमाऊं क्षेत्र में घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है जहाँ से नैनीताल, सातताल तथा




नौकुचियाताल और कैंची धाम आसानी से पहुँचा जा सकता है।

इसके अलावा होटल में 200 मेहमानों तक के लिए शानदार बैंक्वेट और कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधाएँ हैं जो इसे कॉर्पोरेट ऑफ.साइट्स, लीडरशिप रिट्रीट, छोटी शादियों और सामाजिक समारोहों के लिए बेहतरीन बनाती हैं। यहाँ मीटिंग, प्रेजेंटेशन और स्ट्रैटेजी सेशन के लिए एक खास बोर्डरूम है जबकि झील के किनारे की लोकेशन हर तरह के समारोहों के लिए एक यादगार माहौल बनाती है।

होटल में आने वाले मेहमान कई तरह की वेलनेस और मनोरंजन सुविधाओं का आनंद भी उठा सकते हैं जिनमें हर मौसम के अनुकूल स्विमिंग पूल तथा सभी सुविधाओं से युक्त जिम और जल्द ही खुलने वाला स्पा शामिल है खान.पान के उत्साही मेहमानों के लिए होटल में भिन्न.भिन्न प्रकार की डाइनिंग सुविधाएं हैं। दिन भर खुला रहने वाला रेस्टोरेंट जोडियाक स्थानीय कुमाऊँनी स्वाद और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पसंद किए जाने वाले व्यंजनों का मेल पेश करता है। शहर की खूबसूरती बढ़ाने वाली शांत झील के अलावा यहाँ आने वाले मेहमान कई तरह की आउटडोर गतिविधियों का मजा ले सकते हैं जैसे भीमताल झील में बोटिंग और कायाकिंग से लेकर चीड़ और ओक के जंगलों में प्रकृति के बीच सैर करना। आस.पास की पहाडि ?ों, ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंगए पक्षियों को देखने और फ़ोटोग्राफ़ी के बेहतरीन मौके देती हैं जहाँ से हिमालय और हरी.भरी घाटियों के शानदार नज़ारे दिखाई देते हैं। हेमंत द्विवेदी फॉर्च्यून लेकव्यू भीमताल के मालिक ने कहा फॉर्च्यून लेकव्यू भीमताल का उद्घाटन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कामयाबी है।

आईटीसी होटल्स के साथ मिलकर हमारा उद्देश्य ऐसा विशिष्ट आतिथ्य अनुभव प्रदान करना है जो इस खूबसूरत गंतव्य के प्राकृतिक आकर्षण को विश्वस्तरीय सेवाओं के साथ जोड़ता हो। फॉर्च्यून लेकव्यू भीमताल का लक्ष्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना तथा अवकाश यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग्स और कॉर्पोरेट रिट्रीट्स के लिए एक पसंदीदा होटल के रूप में अपनी पहचान स्थापित करना है।

# साइबर ठगों का कहर : दो खातों से लाखों रुपये उड़ाए, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामलों में दो अलग-अलग घटनाओं में साइबर ठगों ने बैंक खातों से लाखों रुपये निकालकर लोगों को चूना लगा दिया। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की मांग की है।

पहले मामले में रेखा पंत, निवासी फेज-3 नीलांचल कॉलोनी, ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका तिकोनिया स्थित एक बैंक में बचत खाता है। दो दिन पूर्व उन्हें पता चला कि उनके खाते से उनकी जानकारी और अनुमति के बिना 5,15,990 रुपये निकाल लिए गए। यह निकासी दोपहर हुई। धोखाधड़ी की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल बैंक को सूचना देकर अपना बैंक खाता, डेबिट कार्ड ब्लॉक



कराया तथा हैक किए गए सिम को भी बंद करवा दिया। पीड़िता ने पुलिस से उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर धनराशि बरामद कराने की मांग की है।

दूसरे मामले में बंशीधर डालाकोटी, निवासी श्री विहार हिम्मतपुर मल्ला, ने थाना मुखानी में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका खाता पी एन बी की तिकोनिया शाखा में है। 19 जून को सबसे पहले उनके खाते से परीक्षण के तौर पर 1-1 रुपये की दो निकासी यू पी आई के माध्यम से की गई। इसके बाद उसी दिन दो बार 49,990 रुपये और 49,989 रुपये निकाले गए। अगले दिन 20 जून को भी दो ट्रांजेक्शन में 50,000 रुपये और लगभग 49,999 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले उन्होंने एक चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराई थी।

इसके बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर उनसे मोबाइल नंबर, आधार कार्ड नंबर और एटीएम कार्ड के 16 अंकों की जानकारी मांगी। जानकारी साझा करने के कुछ समय बाद ही उनके खाते से रकम निकल गई। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी का मामला सामने आ रहा है। पुलिस का कहना है साईबर ठग जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या व्यक्ति के साथ बैंकिंग जानकारी, डिटेल साझा न करें। साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है।

# सीएम धामी के निर्देश पर मानसून में आपदाओं से निपटने को कवायद शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में मानसून के दौरान संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा तैयारियों को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को सचिव आपदा प्रबंधन उत्तराखंड विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय मानसून पूर्व टेबल टॉप एकसरसाइज आयोजित की गई। इस अभयास का उद्देश्य राज्य एवं जनपद स्तर पर आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों, विभागों के मध्य समन्वय तथा त्वरित राहत एवं बचाव व्यवस्था का परीक्षण कर उसे और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

पूर्वाभयास में जनपद नैनीताल से अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल सहित आईआरएस प्रणाली के विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया जिसमें जनपद में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने हेतु टेबल टॉक एकसरसाइज की गई। इसी के क्रम में 2 जुलाई को नैनीताल जनपद में मानसून पूर्व मॉक अभयास जिसमें भूस्खलन, बाढ़, परिदृश्य की तैयारियों का आंकलन किया जाएगा जिसमें अति संवेदनशील स्थानों में जैसे नैनीताल, कालाढूंगी, बेतालघाट, लालकुआं व धारी सहित पांच क्षेत्रों में मॉकड्रिल मॉकडिल किया जाएगा। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल ने आपदा प्रबंधन एवं आपदा के समय विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में जिले के विभिन्न विभागों से तैयारियों का आंकलन किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नैनीताल अंजना नेगी, अधिशासी अभियंता लोनिवि रत्नेश कुमार सकसेना व हीरा सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान रमेश सिंह गर्बियाल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन, सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रा फर्त्याल, एसडीआरएफ के उपनिरीक्षक मनीष भाकुनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित सभी उपजिलाधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।

# लोअर मालरोड की मरम्मत में लापरवाही पर कमिश्नर गंभीर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव सीएम दीपक रावत ने नैनीताल में चर्चित लोअर मालरोड की मरम्मत में हो रही अनावश्यक देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

आयुक्त रावत ने पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया कि लोअर मालरोड 15 सितंबर 2025 से क्षतिग्रस्त है। उनके द्वारा स्वयं दो बार स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। उनके अतिरिक्त अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा भी निरीक्षण किया गया परंतु कार्य की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक है।

उन्होंने कहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए हर बार नई-नई तिथियां दी जा रही हैं। विभाग ने आश्वस्त किया था कि सीजन से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा परंतु अब 45 दिन का अतिरिक्त समय मांगा जा रहा है। कुमाऊं आयुक्त रावत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि कार्यों की अब किए जा रहे कार्यों की सीसीटीवी से होगी निगरानी। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षणों में यह स्पष्ट हुआ है कि स्थल पर कार्य नहीं हो रहा है। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को तत्काल कार्यस्थल पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने तथा उसका



लाइव लिंक आयुक्त एवं जिलाधिकारी नैनीताल को मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं ताकि कार्य की रियल.टाइम निगरानी की जा सके। कमिश्नर ने जवाब तलब एवं अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि मात्र 40 मीटर सड़क बनाने में लगभग एक वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त द्वारा लोकनिर्माण विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है कि कार्य पूर्ण करने में इतना विलंब क्यों हो रहा है।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस अनावश्यक विलंब के लिए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।आयुक्त रावत के मुताबिक पर्यटन नगरी नैनीताल की यह प्रमुख सड? लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय जनता एवं पर्यटकों को भारी असुविधा हो रही है। लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य में और विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शहीद मनीष सिंह प्रकरण में न्यायालय का महत्वपूर्ण आदेश

नैनीताल। जिला एवं सत्र न्यायालय हल्द्वानी के अंतर्गत अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ने शहीद सैनिक मनीष सिंह मेहरा की संदिग्ध मृत्यु के मामले में दायर धारा 175 (3) बीएनएसएस प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए कोतवाली हल्द्वानी को प्राथमिकी पंजीकृत कर निष्पक्ष विवेचना करने तथा जांच रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। बता दें वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता आकाश बिष्ट एवं अनिल धानक ने प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष मौजूद साक्ष्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर निष्पक्ष आपराधिक जांच की आवश्यकता पर जोर दिया जिसके उपरांत न्यायालय ने उक्त आदेश पारित किया।

# जिले में होम स्टे विकास योजना हेतु 15 आवेदन पत्र स्वीकृत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला कार्यालय सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी ललित मोहन की अध्यक्षता में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होमस्टे) विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन.पत्रों के चयन हेतु जिला चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा दोनों योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का शासनादेशों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षण एवं विस्तृत विचार.विमर्श किया गया। पात्र आवेदकों के आवेदन पत्रों का चयन करते हुए आवश्यक संस्तुतियाँ प्रदान की गईं जबकि अपूर्ण अथवा आवश्यक अभिलेखों के अभाव वाले प्रकरणों पर नियमानुसार निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वाहन श्रेणी में प्राप्त कुल 13 आवेदन.पत्रों में से 5 आवेदन निरस्त किए गए जबकि 8 आवेदन स्वीकृत किए गए,वहीं गैर.वाहन श्रेणी में कुल 4आवेदन.पत्रों में से 3 आवेदन निरस्त करते हुए वहीं 1 आवेदन स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होमस्टे) विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त कुल19 आवेदन पत्रों में से 4 आवेदन निरस्त किए गए तथा 15 आवेदन.पत्रों को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी, सचिव जिला विकास प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह, परियोजना निदेशक अभिषेक, जिला लीड बैंक अधिकारी अमित बाजपेई, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार तथा प्रबंधक उद्योग केन्द्र रोबिन सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय जुलाई सत्र 2026 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में जुलाई सत्र 2026 की प्रवेश प्रक्रिया के शुभारम्भ के अवसर पर विश्वविद्यालय के अतिथि गृह सभागार में कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र, अकादमिक कैलेंडर, नवीन पाठ्यक्रमों, छात्रहित में लागू की गई नई सुविधाओं तथा प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने बताया कि विश्वविद्यालय में 1 जुलाई 2026 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होगी तथा प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि




विश्वविद्यालय वर्तमान में 15 स्नातक, 35 स्नातकोत्तर, 16 डिप्लोमा तथा 29 प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त नवीन कार्यक्रमों के रूप में डिप्लोमा इन भगवद्गीता स्टडीज तथा मानवाधिकार प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम को भी नए शैक्षणिक सत्र से प्रारम्भ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त क्लस्टर एवं क्ष.श्वरू.(ह्लठरु) में प्रवेश प्रक्रिया की इंटरफेस बैठक में लिए गए निर्णय के उपरान्त प्रारम्भ होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की सुविधा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए हैं। अब सभी सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों में सेमेस्टरवार शुल्क जमा करने की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसके परिणाम स्वरूप शिक्षार्थियों पर एक-मुश्त प ?ने वाला आर्थिक भार दो समेस्टरों में विभाजित हो जाएगा। किसी भी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर विद्यार्थी स्वत: विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में पंजीकृत हो जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों के अधिगम का मूल्यांकन ब्लूम्स टैक्सोनॉमी के आधार पर किया जाएगा।कुलपति ने बताया कि एमबीए, एमसीए, एमटीटीएम, बी.एड. स्पेशल एजुकेशन, एम.एड. स्पेशल एजुकेशन, बी.ए. योग (ऑनर्स) तथा एम.ए. योग कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भी 1 जुलाई 2026 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।